## श्रेष्ठ सुप्रभात

**छोटा मान कर किसी की उपेक्षा मत करो। हाथी की सूंड में प्रविष्ट एक छोटा गिरगिट भी बड़ी समस्या का कारण बन सकता है।**

-आचार्य महाश्रमण

# NEXT™

NEWS EXCELLENT TODAY

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 21.0 | 7.0 |
| बीकानेर | 21.0 | 8.0 |
| जयपुर | 21.0 | 10.0 |

E- Paper NEXT 0038

newsexcellenttoday.com | 18 जनवरी 2025, शनिवार | माघ, कृष्ण पक्ष पंचमी - 2081


# राजस्थान में 450 हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूल बंद

## अंग्रेजी माध्यम के स्कूल अप्रभावित

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

राजस्थान सरकार ने पिछले एक सप्ताह में 450 हिंदी माध्यम के सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया है। इनमें 260 स्कूलों को हाल ही में बंद किया गया है, जबकि इससे पहले 190 स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया था। बंद किए गए स्कूलों में से कई को पास के दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया गया है।

**स्कूल बंद करने का कारण**

शिक्षा विभाग के अनुसार, जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम थी या जीरो थी, उन्हें बंद करने का निर्णय लिया गया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किया। 200 प्राथमिक और उच्च प्राइमरी स्कूलों को छात्र संख्या शून्य मानते हुए बंद कर दिया गया और आसपास के बड़े स्कूलों में मर्ज कर दिया गया।

**कई जिलों के स्कूल प्रभावित**

जयपुर, अजमेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, जोधपुर, डूंगरपुर समेत राज्य के कई जिलों के स्कूल बंद किए गए। अजमेर, कोटा, अलवर और उदयपुर समेत 33 जिलों के स्कूल इस फैसले से प्रभावित हुए हैं।

**महिला शिक्षा पर असर**

कुछ स्कूलों में छात्राओं की संख्या 300 तक होने के बावजूद उन्हें बंद कर बॉयज स्कूलों में मर्ज कर दिया गया। बीकानेर में भाजपा विधायक अंशुमान सिंह भाटी के घर के सामने स्थित बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल को भी बंद कर दिया गया है, जिसे लेकर स्थानीय लोग विरोध जता रहे हैं।

**अंग्रेजी माध्यम स्कूल अप्रभावित**

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी स्कूलों की समीक्षा के लिए मंत्रियों की एक समिति बनाई थी, लेकिन अब तक किसी अंग्रेजी माध्यम स्कूल को बंद नहीं किया गया है। वहीं, हिंदी माध्यम के 450 से अधिक स्कूलों पर ताले लगा दिए गए हैं।

**विवाद और सवाल**

सरकार के इस फैसले पर सामाजिक और राजनीतिक आलोचना हो रही है। हिंदी माध्यम के स्कूलों को बंद करने से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

# धर्मकथा: श्रीडूंगरगढ़ में 4 दिनों तक माँ करणी कथा का रसास्वादन करेंगे भक्त, महंत डॉ. करणी प्रताप करेंगे वाचन

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा बास में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक माँ करणी कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महंत डॉ. करणी प्रताप द्वारा चार दिनों तक कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन मालचन्द पेड़ीवाल का नोहरा, बड़ौदा बैंक वाली गली, मारू कॉम्प्लेक्स के पास, बिग्गा बास में किया जाएगा।

**कलश यात्रा**

**28 जनवरी, 2025**
**दोपहर 1 बजे**
स्थान: श्री गणेश मंदिर, बिग्गा बास से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

**कथा वाचन**

**28 से 31 जनवरी 2025**
समय: प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक।



**आयोजन की तैयारियां और निमंत्रण**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ओमप्रकाश गांधी, एडवोकेट रणवीर सिंह खीची, सत्यनारायण स्वामी, मनोज डागा, पूनम सुथार और परमेश्वर सुथार सहित अन्य कार्यकर्ता भक्तों से संपर्क कर निमंत्रण दे रहे हैं। आयोजन स्थल पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

# भामाशाहों ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटकर ठिठुरती सर्दी में दी राहत

## जरूरतमंदों को सहयोग करते हुए आत्मनिर्भर बनाना समाज की बड़ी सेवा है: एसडीएम मित्तल

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

अंबेडकर बस्ती में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी उमा मित्तल ने समाज सेवा का महत्त्व बताते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना सच्ची सेवा है।



यह कंबल वितरण समाजसेवी तुलसीराम चौरडिया की प्रेरणा से और भामाशाह छतरसिंह पंकजकुमार बोथरा (अहमदाबाद) के आर्थिक सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रामचंद्र राठी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में सभी का सहयोग जरूरी है, क्योंकि इससे आपसी सद्भाव और सहयोग को बढ़ावा मिलता है। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सोहनलाल गोदारा ने शिक्षा और समाज सेवा के समन्वय को समाज की उन्नति का मूल मंत्र बताया। जैन समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता विजयराज सेठिया ने सक्षम व्यक्तियों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संयोजन भंवर भोजक ने किया। इस अवसर पर के. एल. जैन, पत्रकार शुभकरण पारीक, संजय पारीक, हरि प्रजापत, नानूराम मेघवाल, आरिफ चूनगर, इसरराम नायक और हीरालाल पुगलिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# श्रीडूंगरगढ़ के समीपवर्ती कस्बे लूणकरणसर का गांव सहनीवाला बनेगा मिनी इजरायल

## 30 किसानों को मिलेगा उन्नत उद्यानिकी तकनीकी का लाभ

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

श्रीडूंगरगढ़ के निकटवर्ती कस्बे लूणकरणसर ब्लॉक का ग्राम सहनीवाला अब उन्नत उद्यानिकी तकनीकी से "मिनी इजरायल" के रूप में विकसित होगा। उद्यान विभाग ने जयपुर-अजमेर हाईवे पर बसे बसेड़ी गांव की तर्ज पर इस गांव में हाई-टेक हार्टिकल्चर मॉडल क्लस्टर स्थापित करने की योजना बनाई है। इस योजना



प्रगतिशील किसान राकेश कुमार पुत्र देवीलाल, गांव फूलदेसर ग्राम सहनीवाला पॉली हाउस से उन्नत उद्यानिकी करता।



का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी आमदनी और जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

**उन्नत तकनीकों का उपयोग**

बसेड़ी गांव की सफलता को देखते हुए सहनीवाला में ग्रीनहाउस, शेडनेट हाउस, सोलर पंप, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली और अन्य उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए 30 किसानों का चयन किया जाएगा, जो इन तकनीकों का लाभ उठा सकेंगे। चयन प्रक्रिया के लिए लॉटरी या रेंडमाइजेशन पद्धति अपनाई जाएगी।

» सहनीवाला, चक फूलदेसर और चक फूलदेसर सिंघास गांवों के 30 किसान योजना में शामिल होंगे।
» चयनित किसानों को ग्रीनहाउस/शेडनेट हाउस के साथ न्यूनतम चार अन्य घटकों पर अनुदान मिलेगा।
» महिला, लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।
» किसानों को राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है।

**प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता:** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत सहनीवाला में दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चयनित किसानों को 2000 वर्गमीटर तक ग्रीनहाउस/शेडनेट हाउस पर अनुदान और अन्य घटकों में भी सहायता प्रदान की जाएगी। संयुक्त निदेशक (उद्यान) दयाशंकर ने बताया कि यह मॉडल किसानों को आधुनिक खेती के प्रति प्रेरित करेगा। वहीं, कृषि अधिकारी (उद्यान) मुकेश गहलोत ने कहा कि यह योजना क्षेत्र में कृषि विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# सातलेरा में प्रतिभाओं का वार्षिकोत्सव में हुआ सम्मान

## भेदभाव छोड़कर बेटियों को पढ़ाएं अभिभावक: सरपंच रामप्यारी

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

बिग्गाजी शिक्षण संस्थान, सातलेरा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जैसलसर सरपंच रामप्यारी देवी जाखड़ ने सरस्वती पूजन के साथ किया। मुख्य अतिथि मेघाराम भाटिया (तोलियासर) और भंवरलाल हरडू (बिरमसर) के साथ विशिष्ट अतिथि रामकिशन फौजी (कमांडो डिफेंस एकेडमी, कितासर) समारोह में उपस्थित रहे। सरपंच रामप्यारी देवी जाखड़ ने अपने संबोधन में अभिभावकों से बेटा-बेटी के बीच भेदभाव मिटाकर दोनों को समान शिक्षा देने की अपील की। उन्होंने कहा, "एक बेटी के शिक्षित होने से दो घर रोशन होते हैं।" साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन का



उपयोग आवश्यकता तक सीमित रखने और इसके दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र रामदयाल (सीआरपीएफ) और शैतानाराम (बीएसएफ) के चयन पर उनका सम्मान किया गया। इसके अलावा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 9 की छात्रा भगवती और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 5 के छात्र रामदेव तावनिया को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों, और ग्रामीणों का आर्थिक सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। संस्थान के प्रबंध निदेशक सहीराम जाखड़ ने सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना

## गिवअप अभियान में 7.5 लाख लाभार्थियों ने छोड़ा लाभ
## श्रीडूंगरगढ़ से 186 परिवारों ने किया गिवअप

**NEXT | श्रीडूंगरगढ़**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रदेशभर में चल रहे गिवअप अभियान को बड़ी सफलता मिल रही है। राज्य में अब तक 7.5 लाख लाभार्थियों ने स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़कर अपने नाम कटवा लिए हैं। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में भी 186 परिवारों ने इस अभियान में भाग लिया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 31 जनवरी तक प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान पर स्वेच्छा से लाभ त्याग करने के फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं। श्रीडूंगरगढ़ में योजना का लाभ शहर के 8,744 परिवार और ग्रामीण क्षेत्र के 24,937 परिवार ले रहे हैं।

**उचित मूल्य दुकानदार पर कार्रवाई:** जिला रसद विभाग ने उचित मूल्य की दुकान में अनियमितता के चलते श्रीडूंगरगढ़ के दुकानदार लक्ष्मीनारायण का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। साथ ही, उनकी प्रतिभूति राशि जब्त करने का आदेश भी दिया गया है।

# व्यास छापर में देंगे ईओ पद पर सेवा

**NEXT |** श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका में ईओ पद पर अपनी सेवाएं देने वाले भवानी शंकर व्यास को छापर नगरपालिका में ईओ पद पर लगाया गया है। गौरतलब है कि भवानी शंकर व्यास छापर के साथ लाडनूँ नगर पालिका के ईओ का चार्ज भी संभालेंगे।